हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 जनवरी 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री


10 धान विक्रय करने पहुंचे किसानों से कलेक्टर ...





11 बचेली-बैलाडीला मुख्य मार्ग बना गड्ढों का मार्ग




## खबर संक्षेप

### कोकपुर मोबाइल टावर से 60 हजार के आरआरएच की चोरी, रिपोर्ट दर्ज




**कांकेर।** कोकपुर में जिओ टावर में लगी आरआरएच के चोरी हो जाने की शिकायत मिलने पर कंपनी के तकनीशियन की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के हनुमानगंज निवासी 37 वर्षीय प्रमोद यादव पिता विजय लाल यादव हाल निवासी सुमित बाजार के पास ने पुलिस को बताया कि मैं जियो टेलीकाम कम्पनी में टेक्नेशियन के पद पर कार्यरत हूं। मेरी साइड अंतर्गत कोमलपुर में जियो टावर लगा हुआ है, जिसमें करीब 20 मीटर की उँचाई में लगा आरआरएच जिसका काम नेटवर्क के लिए होता है, उसे 8 नवंबर की रात को करीबन 2 से 3 बजे अज्ञात चोर टावर के चारों ओर लगे तार बाड़ को काटकर अंदर जाकर टावर की सीढी से उपर चढ़कर टावर में लगे 5 नग आरआरएच को चोरी कर ले गए, जो टावर का अलार्म मिलने पर जाकर देखा तो टावर में लगा 5 नग आरआरएच चोरी कर ले गया था जिसका पता तलाश मैं आज तक लोगों से पूछताछ कर रहा था जो पता नहीं चलने पर रिपोर्ट लिखाने थाना पहुँची। चोरी हुई आरआरउच की कीमत लगभग 60 हजार रूपएं है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# 14773 वाहनों पर उड़नदस्ते ने किया 5.13 करोड़ का जुर्माना

## वाहन मालिकों पर हो सकता 2 लाख रुपए का चालान, परिवहन विभाग की टीम कर रही वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

व्यवस्थित तरीके से वाहनों को चलाने के लिए कई तरह के नियम बनाए गए हैं। उन नियम का पालन करने के लिए लोगों के पास समय तक नहीं है। जिसकी वजह से लोग परिवहन नियमों का उल्लंघन कर खामियाजा भुगतना पड़ जाता है। ऐसा बताया जा रहा है कि अब चार पहिया वाहन ऑन पर 10000-20000 रुपए का नहीं बल्कि 2 लाख रूपए का मोटा चालान काटा जा सकता है। हालांकि वर्ष 2024 में जनवरी से दिसंबर तक उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने जांच के दौरान 14773 वाहनों पर 5 करोड़ 12 लाख 96 हजार 725 रूपए का जुर्माना किया गया।

उड़नदस्ता की कार्रवाई से वाहन चालकों एवं मालिकों में हड़कंप मच गया है। टीम बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम, उड़ीसा रोड में सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

### बकाया टैक्स पर शिकंजा

बताया जा रहा है कि जांच के दौरान बकाया टैक्स वाहनों पर शिकंजा करते हुए जब्त करने तैयारी की जा रही है। वाहन मालिकों को उड़नदस्ता की जांच की सूचना पर वाहन दूसरे सड़क से भाग रहे हैं।



### उल्लंघन पर होगी सख्ती

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि परिवहन नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्ती कार्रवाई की जा रही है।

# महापौर के दावेदार अभी से टिकट की जुगाड़ के लिए नेताओं के सम्पर्क में

अनारक्षित मुक्त होने से भाजपा से सर्वाधिक दावेदार, एक महिला भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

15 वर्षों के बाद जगदलपुर नगर निगम अनारक्षित मुक्त होने से भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों में होड़ मची है। टिकट किसी एक को ही मिलना है, लेकिन दावेदार अभी से टिकट की जुगाड़ के लिए नेताओ से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया है। कांग्रेस की बात करें तो यहां इतना रसमकस्सा नहीं है।

कांग्रेस में पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, मलकीत सिंह गैदु, राजीव शर्मा के अलावा पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, मनोहर लुनिया, अतिरिक्त शुक्ला प्रमुख चेहरे है। इसके अतिरिक्त एक दो और वरिष्ठ और युवा चेहरे हैं, जो अभी पत्ते नहीं खोले हैं। समय आने पर उनके नामों का भी खुलासा होगा।



भाजपा प्रदेश सत्ता में काबिज है इसलिए पार्टी में दर्जनों दावेदार है। जैसे मनीष पारख, संजय पांडे, योगेंद्र पांडे, रजनीश पाणिग्राही, अनिल लुंक्कड़, नरसिंह राव, रामाश्रय सिंह, सुरेश गुप्ता, एल ईश्वर राव के नाम प्रमुख चेहरे है, लेकिन अब इसमें एक वरिष्ठ महिला दावेदार दिप्ती पांडे का नाम भी जुड़ गया है। साथ ही अधिवक्ता दिनेश पाणिग्राही भी दावेदारी ठोंक दिया है।

भाजपा के नए दावेदार तो बकायदा अपने राजनीति करियर का प्रोफाइल बनाकर बायोडाटा तैयार कर जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष को प्रस्तुत करने की बात कह रहे है। 15 साल पहले निगम महापौर सीट अनराक्षित मुक्त हुई थी। उस दौरान भी आधा दर्जन दावेदारों में वर्तमान विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देवसिंह बाजी मार गए थे और टिकर पाकर महापौर भी निर्वाचित हुए थे।

### भाजपा को नए चेहरे की तलाश

भाजपा के राजनीति जानकारों के मुताबिक महापौर सीट के लिए किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहती। इसलिए पुराने के साथ नए चेहरे पर दांव खेलेगी। वैसे भी भाजपा में किसे टिकट मिलेगा यह शुरू से अंतिम तक तय नहीं रहता। टिकट जब फाइनल होता तो सब अवाक रह जाते। कारण कोई यह भरोसा नहीं किये रहता कि फलां को टिकट मिलेगा और मिल जाता है। जबकि कांग्रेस में टिकट पाने शक्ति परीक्षण करना होता है। साथ ही रायपुर ने बैठे अपने आका के माध्यम से अंतिम तीन लोगों के नाम मे अपना नाम सम्मलित कराकर दिल्ली में जोर आजमाइश कर टिकट हासिल करने की प्रथा है।

# पांचवीं मंजिल से गिरने से इंजीनियर की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कोतवाली थाना क्षेत्र के लालबाग स्थित सनसिटी का मामला

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लालबाग सनसिटी में बुधवार को युवा इंजीनियर की पांचवी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया।



जानकारी के मुताबिक शहर के पॉश कॉलोनी लालबाग स्थित सनसिटी में रहने वाले इंजीनियर की अपने घर की पांचवी मंजिल से गिर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँच शव को पीएम के लिए मेकाज ⏭ शेष पेज 10 पर


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


# अक्रियाशील 20 सहकारी संस्थाओं का पंजीयन किया जाएगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- 15 दिनों के अंदर सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को दावा आपत्ति करने के दिए निर्देश

पंजीयक सहकारी संस्था से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के 20 सहकारी समितियों जो 10 वर्षों से अकार्यशील है, उनका परिसमापन की कार्रवाई पूर्ण कर पंजीयन निरस्त किया जाना है। इन संस्थाओं में प्रा. दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. बचेली, आदिवासी मछुआ सहकारी समिति मर्या. बालपेट, माँ दंतेश्वरी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. दंतेवाड़ा, परशुराम आदिवासी बुनकर सहकारी समिति मर्या. फरसपाल, नवीन नव साक्षर आदी बुनकर सहकारी समिति मर्या. भोगाम, माँ दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्या. माँझीपदर, आदर्श ट्रांसपोट सर्विसेस सह. समिति मर्या. बैलाडीला, मां तपेश्वरी राज मिस्त्री श्रम ठेका सहकारी समिति मर्या. गीदम, प्राथमिक राजमिस्त्री श्रमा ठेकासहकारी समिति मर्या. दंतेवाड़ा, प्राथमिक खदान मजदुर सहकारी समिति मर्या. बालुद, प्राथमिक खदान मजदूर सहकारी समिति मर्या. गंजेनार, जनजातीय सहकारी मुद्रणालय, बचेली, अम्बेडकर बहुआयामी श्रम ठेका सहकारी समिति मर्या. बचेली, आदिवासी नव युवक विकास परिवहन सहकारी समिति मर्या. बचेली, बैलाडीला निर्माण कामगार सहकारी समिति किरन्दूल, परिहार घाटरेत खदान मजदूर सहकारी समिति मर्या. बालूद, बेनीफिशिऐशन एस्सारप्लांट एम्फ. को. सोसाइटी किरन्दुल, मातोश्री रमाआई अम्बे अजजा एनएमडीसी महिला कुटीर किरन्दुल, बैलाडीला आदिवासी हरिजन बेरोजगार श्रमिक सह. समिति मर्या किरंदुल, नवयुवक ट्रेव्हल्स सेवा सह. समिति मर्या. बैलाडीला का नाम सूची में शामिल है।

इस संबंध में सर्व सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को सूचित किया गया है कि जो संस्थाएं परिसमापन के अधीन हैं। इन संस्थाओं से किसी भी प्रकार के लेन-देन किया गया हो तो दावा साक्ष्यों के साथ सहकारी निरीक्षक को 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार का दावा प्रस्तुत नहीं किये जाने पर यह मान लिया जाएगा कि संस्था से किसी प्रकार का लेन-देन नहीं है। तत्पश्चात संस्था के पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जायेगा।



# आईईडी प्लांट करने वाले 2 नक्सली हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के बीच 15-15 किलो के दो आईईडी बम लगाए थे
- सुरक्षाबलों ने बरामद कर किया था निष्क्रिय

दोरनापाल-जगरगुंडा मार्ग पर गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के बीच 28 दिसंबर को 15-15 किलो के दो आईईडी बम को सुरक्षाबलों ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिया था। उक्त मामले में पुलिस ने दो नक्सली आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 4 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 6 जिलेटिन राड, 1 गुच्छा कार्डेक्स वायर विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त नक्सलियों को गिरफ्तार करने में साइबर सेल, नक्सल सेल की टीम व थाना पोलमपल्ली पुलिस एवं सीआरपीएफ सी/159 व एफ/226 वाहिनी की विशेष भूमिका रही।

पुलिस अफसरों ने बताया कि दिसंबर महीने में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नियम से दोरनापाल-जगरगुण्डा मार्ग पर गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के मध्य मार्ग में नक्सलियों द्वारा 2 जगहों पर 15-15 किलोग्राम का आईईडी प्लांट किया गया था जिसे सुरक्षाबलों के सतर्कता एवं सूझ-बूझ से दोनों ⏭ शेष पेज 10 पर






बस्तर वनमण्डल, राज्यस्तरीय वन उड़नदस्ता व डब्ल्यूटीआई की संयुक्त कार्रवाई

# 42 किलो विलुप्तप्राय वन्य प्राणी पेंगोलिन स्केल्स किया गया जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- दो स्थानों पर मारा गया छापा

बस्तर जिले में मंगलवार को बस्तर वनमण्डल, राज्यस्तरीय वन उड़नदस्ता एवं डब्ल्यूटीआई दो स्थानों में छापा मार कर 42 किलो विलुप्त प्राय वन्य प्राणी पेंगोलिन स्केल्स जप्त किया तथा इसके लिए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन मंत्री केदार कश्यप, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ श्रीनिवास राव के आदेशानुसार मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त रमेश चंद्र दुग्गा के मार्गदर्शन में वन मण्डलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देशन में बस्तर वनमण्डल, राज्यस्तरीय वन उड़नदस्ता रायपुर एवं डब्ल्यूटीआई वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम बनाकर बस्तर वनमण्डल अंतर्गत चित्रकोट रेंज एवं जगदलपुर रेंज में अलग-अलग जगहों पर छापामार कार्रवाई की। इसमें ⏭ शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई में ये शामिल रहे

कार्रवाई में उप वन मण्डलाधिकारी जगदलपुर देवलाल दुग्गा, उप वनमण्डलाधिकारी चित्रकोट योगेश कुमार रात्रे, वन परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट प्रकाश ठाकुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर देवेन्द्र सिंह वर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी कोलेंग बुधराम साहू, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चित्रकोट बुधरू राम कश्यप, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर (ग्रामीण) लल्लन तिवारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर (शहर) श्रीधर नाथ स्नेही, परिसर रक्षक चैतन सिंह कश्यप, कु. शारदा मण्डावी, शंकर सिंह बघेल, गोपाल नाग, राम सिंह बघेल, कैलाश नागेश, कु. कविता ठाकुर, श्रीमती कुन्ती कश्यप, श्रीमती जया नेताम, श्रीमती सोनमती, श्रीमती चंद्रीका राणा, श्रीमती दीपा पटेल, उमर देव कोर्राम, कमल ठाकुर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने बड़ेराजपुर के जपं सीईओ को किया निलंबित

**कोण्डागांव।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह द्वारा बड़े राजपुर के जनपद सीईओ पर बड़ी कार्रवाई की गई है। संभागायुक्त ने जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गेंदलाल चुरेन्द्र को हितग्राहीमूलक महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को समय–सीमा में पूर्ण किये जाने में लापरवाही बरतने एवं अपने पदीय कर्तव्यों तथा शासकीय कार्यों के निर्वहन में रूचि नहीं लिये जाने के फलस्वरूप उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत निलंबित किया है। उक्त कृत्य के लिए इनके विरुद्ध विभागीय जांच भी की जाएगी। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला कोण्डागांव में निर्धारित किया गया है तथा उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### अधिकारियों ने स्कूलों का किया निरीक्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शाउमा विद्यालय ईरागांव, शाउमा विद्यालय तराई घोटिया, शाउमा विद्यालय दमकसा, शाउमा विद्यालय लोहत्तर का 8 जनवरी को निरीक्षण किया। एबीईओ अंजनी मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम ने समस्त स्टाफ को समय में शाला आने व समय से शाला जाने को निर्देशित, हमर लक्ष्य, हमर कोना, अनुरोध कार्यक्रम, अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की चर्चा संबंधित संस्था के संबंधित बच्चों से रूबरू होकर उनकी प्राप्तांक पर बच्चों से बात किया और बच्चों से सवाल किया गया। संकुल के अंतर्गत संकुल स्तरीय नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग क्लास का निरीक्षण भी किया गया।

### कलशयात्रा निकाली, शुरू की शिवपुराण की कथा



**चारामा।** नगर से सटे ग्राम गिरहोला में बुधवार 8 जनवरी से संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई, इसके बाद वेदी पूजन की गई। कलश यात्रा गांव की शीतला माता मंदिर से निकाली गई। बाजे गाजे के साथ निकली कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कथा स्थल टिकरापारा पहुंची। कथा वाचक गिरहोला निवासी पं. दाऊलाल तिवारी कथावाचक हैं। 9 जनवरी को नारद मोह व सती चरित्र, 10 जनवरी को तारकासुर कथा, पार्वती जन्म कथा, 11 को कामदेव कथा, शिव पार्वती विवाह, 12 जनवरी को कार्तिकेय गणेश कथा, 13 को शिव अवतार कथा, 14 को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा तथा यज्ञ भंडारा, पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से संवर रही विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के दूरस्थ विकासखंड बड़ेराजपुर से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत कोसमी के चनाभर्री में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 कमार परिवार रहते हैं। यह बसाहट जंगल से लगा हुआ है और इन परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं वनोपज पर आधारित है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान जनमन के अंतर्गत चनाभर्री को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बसाहट के रूप में चिह्नित किया गया है। यहाँ रहने वाले सभी 10 कमार परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़कर बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। चनाभर्री निवासी गंगाराम मरकाम भी उन्हीं कमार जनजाति परिवारों में से एक हैं। जिन्हें जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास मिला है। पक्का आवास मिलने से गंगाराम बहुत खुश हैं और उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे गंगाराम का परिवार पहले कच्चे झोपड़ीनुमा मकान में रहता था, जो लकड़ी और प्लास्टिक से बना था। गंगाराम अपनी पत्नी और वृद्ध माता–पिता के साथ रहते हैं। वे बांस से घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाते हैं। उनकी पत्नी इस काम में उनका साथ देती हैं। वे वनोपज चार, चिरौंजी, महुआ आदि भी इकट्ठा करते हैं और उसे विश्रामपुरी बाजार में बेचकर घर चलाते हैं। सीमित आय के कारण उनका जीवन मुश्किलों से भरा था। जंगल के पास रहने के कारण उन्हें सांप, बिच्छू और अन्य वन्यजीवों का खतरा भी रहता था।

## पक्के छत के साथ गंगाराम के परिवार को मिला सुरक्षित जीवन

### जनमन योजना से जीवन हुआ आसान

जनमन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने से गंगाराम का जीवन आसान हो गया है। अब उनका परिवार सुरक्षित और आरामदायक घर में रहता है। उन्हें अब बरसात के पानी और वन्यजीवों के खतरे से डरने की जरूरत नहीं है। पक्का मकान मिलने से उनके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है और वे अब बेहतर भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं। यह योजना न केवल गंगाराम के परिवार के लिए, बल्कि चनाभर्री के सभी कमार परिवारों के जीवन में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।




### बरसात में राहत

*बरसात के दिनों में झोपड़ी से पानी टपकने की समस्या से उनका जीवन और भी कठिन हो जाता था, जिससे घर का सामान खराब हो जाता था। तेज धूप और बारिश से छत पर लगी प्लास्टिक भी खराब हो जाती थी, तब उन्हें पक्का मकान का ख़याल आता था लेकिन सीमित साधनों के कारण यह उनके लिए एक सपना था।*

## अवलोकन : कलेक्टर ने किया जिले के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण

# धान विक्रय करने पहुंचे किसानों से कलेक्टर ने बारदाने और टोकन संबंधी ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले में 17 धान खरीदी केन्द्र बनाया गया है, जहां पर सुचारू रूप से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठ ममगाईं ने धान खरीदी केन्द्र गढ़बेंगाल और बाकुलवाही का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान बेचने आए कृषकों से चर्चा करते हुए धान खरीदी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषकों से सोसायटी में बारदाने की उपलब्धता, धान की गुणवत्ता, टोकन काटने की प्रक्रिया और किसानों को दी जानी वाली भुगतान की जानकारी ली। बारदाना गोदाम, धान बोरे की स्टेकिंग, ड्रेनेज और पेयजल की व्यवस्था संबंधी जानकारी लेते हुए सभी व्यवस्थाए दुरूस्त करने के निर्देश दिये। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर ने गढ़बेंगाल धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए गरावंड़ के किसान धनीराम उईके से धान उत्पादन संबंधी जानकारी लेते हुए ऋण लेने सहित बारदाने के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर द्वारा किसान धनीराम के धान का सॉफ्टवेयर में अपलोड करने का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आए कृषकों से चर्चा करते हुए धान खरीदी हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लिया। गढ़बेंगाल धान खरीदी केन्द्र में 873 किसान पंजीकृत हैं, उनमें से 663 किसानों ने अब तक धान की बिक्री किये हैं।

- धान खरीदी केन्द्र गढ़बेंगाल और बाकुलवाही पहुंची



### धान बेचने में नहीं आ रही समस्याः किसान

धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर ममगाईं को कृषकों ने बताया कि उन्हें धान बेचने में कोई समस्या नहीं आ रही है। बड़ी ही आसानी से उन्हें टोकन प्रदाय किए जा रहे हैं। धान के तौल में भी कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है। जिले के किसान जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए किए गए व्यवस्थाओं से बेहद खुश हैं। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी एमडी अलाउद्दीन, सहकारिता विभाग के नोडल अधिकारी प्रतीक अवस्थी मौजूद थे।

### किसानों से 32125.20 क्विंटल धान खरीदा गया

अब तक किसानों से 32125.20 क्विंटल धान की खरींदी की गई है, जिसमें से खरीदी केन्द्र से 13460 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। आज 26 किसानों को टोकन दिया गया है, वे धान का विक्रय करेंगें। कलेक्टर ने धान उठाव के संबंध में हमालों से जानकारी ली। खरीदी केन्द्र प्रभारी ने बताया कि 12 हमाल की व्यवस्था किया गया है।



### नमीमापक यंत्र से जांची किसानों के धान की नमी

कलेक्टर ने गढ़बेंगाल धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण पश्चात खरीदी केन्द्र बाकुलवाही धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्र में नमी मापक यंत्र से किसानों के धान को नमी का जांच किया गया। कलेक्टर ने धान बेचने आए ग्राम गुमियापाल के किसान बलदेव से चर्चा करते हुए बारदाने के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने के संबंध में जानकारी ली। बाकुलवाही धान खरीदी केन्द्र में 959 किसान पंजीकृत हैं, उनमें से 597 किसानों ने अब तक धान की बिक्री किए हैं। अब तक किसानों से 25820.40 क्विंटन धान की खरीदी की गई है, जिसमें से खरीदी केन्द्र से 7097.97 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## कलेक्टर ने किया सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कोंडागांव जिले के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने इस दौरान मुख्य मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही विभागीय स्टॉल के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना अग्निवीर वायु भर्ती ऑनलाइन पंजीयन होगा 27 तक

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार अधिकरी द्वारा प्राप्त जनकारी अनुसार भारतीय सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा भारतीय सेना अग्निवीर वायु भर्ती के लिए सूचना जारी की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती के लिए 27 जनवरी 2025 को रात 11 बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में केवल वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ है। इस भर्ती के लिए पुरुष और महिला दोनों अविवाहित अभ्यर्थी पात्र होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर स्वयं या अपने नजदीकी लोकसेवा केंद्र अथवा अभ्यर्थी अपने स्थानीय जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क कर भी पंजीयन करवा सकते हैं।

# बीईओ ने स्कूल पहुंच पालकों पंच- सरपंच से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

**खबर का असर**

केशकाल विधानसभा के ग्रामपंचायत गवाड़ी का शिक्षक माह में एक दो बार आता है। जब आता है तो नशे में धुत्त होकर आता है । ग्राम पंचायत द्वारा विधिवत यह उल्लेखित करते पंचायत प्रस्ताव पारित करके दिया गया। इस संबंध में हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद बीईओ ने ग्राम जाकर पालकों, पंच- सरपंच से जानकारी ली।

हरिभूमि में शिक्षक माह में दो तीन दिन आता है, तब भी वह शराब के नशे में धुत्त रहता है। गवाड़ी स्कूल के शिक्षक को हटाने की मांग पंचायत में प्रस्ताव पारित शीर्षक से प्रकाशित हुआ। समाचार को जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी तुलसीराम नेताम गवाड़ी हेंगाल पारा स्कूल पंहुचे। स्कूल का हाल देखते हुए पालकों तथा पंच सरपंच से वस्तुस्थिति की जानकारी लिया। गवाड़ी के स्कूल के शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहाल की जांच कर रहे थे। इसी दरम्यान पूरे संकुल के स्कूलों के बंद होने की खबर मिल गया । खंण्ड शिक्षा अधिकारी ने संकुल समन्वयक के पिता के निधन के शोक में संकुल के स्कूल बंद होने के साथ साथ बच्चों का मध्यान्ह भोजन बंद होने की भी जानकारी मिली।

बड़ागांव संकुल अंतर्गत आने वाले हाई स्कूल बड़े ओडागांव , पूर्व माध्यमिक स्कूल बड़े ओडागांव, जनपद प्राथमिक शाला बड़े ओडागांव, प्राथमिक शाला बाड़ा गांव माध्यमिक शाला बाड़ा गांव प्राथमिक शाला छोटे ओडागांव संकुल समन्वयक के पिता के निधन के शोक में बंद रखा गया। शाला के स्टाफ शोक व्यक्त करते श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके गृहग्राम पंहुचे । मामले में खण्ड शिक्षा अधिकारी से चर्चा में मोबाइल पर बताया कि गवाड़ी हेंगाल पारा स्कूल के बंद रहने। शिक्षक के शाला न आने, शराब पीकर आने के बारे में जांच प्रतिवेदन भेज दिया गया है। जल्दी ही यथोचित कार्रवाई की जाएगी। संकुल के सभी स्कूल बंद रहने एवं मध्यान्ह भोजन बंद रखने पर भी जांच कर कार्रवाई की जा रही है।




# राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन छग की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन छत्तीसगढ़ की प्रदेशस्तरीय पहली प्रथम राजीव भवन रायपुर में राष्ट्रीय सचिव और राज्य प्रभारी विवेक अवस्थी की उपस्थिति में हुआ। आगामी कार्यक्रम एवं संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में अमीन मेमन प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश शर्मा, संभागीय अध्यक्ष रविप्रकाश यादव, श्रीमती संगीता रजवाड़े, संभागीय अध्यक्ष हेमंत ध्रुव अध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर, जिला समन्वयक गणेश रजवाड़े, पीताम्बर नाग जिलाध्यक्ष, युवा कांग्रेस राजेश नेताम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संजय मरकाम युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पप्पू मंडावी जिला अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जनपद सदस्यों में सन्ते कोरचा,सतीश नाग, नरेश नेताम, तीजू कोर्राम, सरपंच गण महेश्वरी हिड़को ,सुरेखा मरकाम ,संगीता नेताम ,मुकेश शोरी, भुनेश्वर नाग, योगेश सिंहा शरण सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य , योगेश साहू कुरुद, रविशंकर रजवाड़े ,लक्ष्मी सिंह ,महेन्द्र रजवाड़े भगवानी ध्रुव, धर्मेंद्र गावड़े,मयाराम मंडावी ,बिशेश्वर नेगी, नन्दलाल सिंहा , अशोक मंडावी , दवनु कोराम, राकेश कुंजाम, हरगोविंद कश्यप, नरेन्द्र कश्यप, भगवान सिंह भोयर सहित त्रिस्तरीय पंचायतीराज के सैकड़ों जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

- कार्यक्रम व विस्तार को लेकर की गई चर्चा

## पंचायत चुनाव, व्यय संपरीक्षक नियुक्त

कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 के अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए निर्वाचन व्यय सीमा का निर्धारण करने पर अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का परीक्षण व जांच करने के लिए नगरपालिका तथा नगर पंचायतों के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त करने के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार नगरपालिका परिषद कांकेर अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए लेखाधिकारी टी.राजेश्वर राव को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### पांचवीं मंजिल ...

लाया गया है। मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली पुलिस ने बताया कि भिलाई के खुर्सीपार में रहने वाला अंकित पॉल पिता हीरालाल 27 वर्ष जो करीब तीन वर्षों से जगदलपुर के सनसिटी में ब्लाक नम्बर 1 के 5 वे नम्बर के फ्लोर में 19 नम्बर कमरे में रह रहा था। बीती रात को अंकित अपने रूम से निकलकर बाथरूम करने के लिए निकला कि अचानक फ्लोर के 5वीं मंजिल के बालकनी से गिर गया, जिससे कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अचानक से अंकित के गिरने की आवाज को दूसरे मंजिल में रहने वाले युवक ने सुना, जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज लाया गया है, पुलिस द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को सूचना दे दिया गया है। वहीं परिजनों के आने के बाद शव का पीएम किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इंजीनियर अंकित पॉल हाऊसिंग बोर्ड में खराब लिफ्ट सुधारने का ठेका लिया था और वहीं किराये में रहता था। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस इसे हादसा मान रही है लेकिन मौत की वजह कुछ और भी हो सकती है। बहरहाल पीएम के बाद मौत का खुलासा हो सकेगा।

### आईईडी प्लांट ...

आईईडी को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टि से मौके पर निष्क्रिय किया गया। जिससे नक्सलियों के मंसूबे को पानी फेरा गया एवं अप्रिय बड़ी घटना घटित होने से बचा लिया गया। उक्त घटना के संबंध में थाना पोलमपल्ली में अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई किया गया। आरोपियों की पता-तलाशी के लिए सोमवार को थाना पोलमपल्ली से 159 वाहिनी सीआरपीएफ, जिलाबल एवं कैम्प गोरगुण्डा से 226 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान दो नक्सली माड़वी लक्का और माड़वी हांदा को पकड़ा गया।

### 42 किलो विलुप्त...

पेंगोलिन स्केल्स (साल खपरी का छाल) को जप्त किया गया तथा इसके अवैध रूप से खरीद फरोक्त में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रथम छापेमारी जगदलपुर रेंज के ग्राम तेलीमारेंगा निवासी जेम्स मैथ्यू नामक आरोपी के घर पर की गई, जहां से लगभग 32 किलोग्राम पेंगोलिन स्केल्स की बरामदगी की गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा पेंगोलिन स्केल्स को बीजापुर जिले के बेहद अंदरूनी क्षेत्रों से लॉक डाउन के दौरान इकट्ठा कर रखा गया था, जिसे बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा था, जिसे मुखबिर के सूचना पर पकड़ा गया। दूसरी छापेमारी चित्रकोट रेंज के मारडूम-बारसूर मार्ग पर चुन्नीलाल बघेल पिता जयराम बघेल निवासी ग्राम सतसपुर तथा राजकुमार कुशवाहा निवासी बारसूर को 11 किलोग्राम पेंगोलिन स्केल्स के साथ घेराबंदी कर पकड़ा गया। जंगलों का आड़ लेकर इनके दो साथी फरार होने में कामयाब रहें, जिनकी खोजबीन एवं पतासाजी की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों से इस अवैध कार्य कारित करने में लिप्त एक नग मोटरसायकल भी जप्त किया गया।

## 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के सभी वाहनों की नंबर प्लेट बदलनी होगी

# वाहनों में लगवाना होगा अब हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सभी वाहन मालिकों को हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी अनिवार्य रुप से लगाना पड़ेगा। इसके लिए परिवहन विभाग ने 4 महीने का समय दिया है। दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए शुल्क वाहन मालिकों को देना होगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह नंबर प्लेट बहुत सुरक्षित है। सड़क हादसों को देखते हुए वाहनों की रफ्तार और ट्रैफिक नियमों को मजबूत बनाने के लिए यह कवायद की गई है। वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरु हो गई है।

- वाहन मालिकों को चार माह का दिया गया समय







### ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन अप्लाई

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगाने के लिए अधिकृत पंजीकृत पोर्टल जारी किया गया है। जिसके माध्यम से ऑनलाईन एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। उस साइट में जाकर अपनी सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाइल नंबर, और फ्यूल ऑप्शन आदि भरने के बाद पंजीकृत मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। जिसके पश्चात निर्धारित शुल्क भुगतान करने के पश्चात एक रसीद मिलेगी। जैसे ही वाहन का हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट तैयार हो जाएगी मोबाइल पर उसका मैसेज आ जाएगा। इसके बाद अधीकृत डीलर के पास जाकर उसे लगवा सकेंगे।

### शासन द्वारा निर्धारित शुल्क

जिला परिवहन अधिकारी बताया कि इसके लिए शासन द्वारा अलग–अलग वाहनों के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार टू–व्हीलर के लिए 365.80 रुपए, थ्री–व्हीलर के लिए 427.16 रुपए, एलएमवी के लिए 656.08 रुपए और हेवी कॉमर्शियल वाहनों के लिए 705.64 रूपए निर्धारित है।

### एचएसआरपी नहीं लगाने पर लगेगा जुर्माना

शासन द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगाने के लिए 19 मार्च 2025 के भीतर जल्द से जल्द केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम में दिए गए निर्देशानुसार सभी वाहनों पर एचएसआरपी लगाए जाने की कार्रवाई की जानी है, ताकि पेनाल्टी से बचा जा सके। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं होने पर मोटरयान अधिनियम एवं नियमों में विहित प्रावधान अनुसार कार्रवाई कर जुर्माना लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विस्फोट में शहीद जवान को दी गई श्रद्धांजलि




**गीदम।** सोमवार को बीजापुर के कुटरु-बेदरे मार्ग पर अम्बेली के करीब नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में डीआरजी के जवान सुबरनाथ यादव और सुदर्शन वेट्टी शहीद हो गए। दोनों शहीद जवान गीदम ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छोटे तुमनार के भूतपूर्व छात्र थे। उन्हें विद्यालय परिवार द्वारा मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ग्रामीण प्रसव करवाने पहुंच रहे स्वास्थ्य केन्द्र केशरपाल




**बस्तर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल में अस्पताल की बेहतर स्वास्थ्य सेवा को देखते हुए आसपास के लोग प्रसव के लिए विश्वास दिखाते हुए प्रसव करवाने के लिए ला रहे रहे है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत यादव आयुष चिकित्सक ने बताया की 102 की कमी उपरांत भी लोग यहां लगातार प्रसव हेतु ला रहे हैं। शासन के द्वारा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रसव हितग्राही को निशुल्क खाना दिया जा रहा है। जस्यक तहत प्रसव हितग्राही को 1400 रस मानदेय भी दिया जाता है। इसमें पूरे अस्पताल स्टाफ का पूरा सहयोग मिल रहा है। इनके सहयोग से जयमनी नंदपुरा, सोनाली एवं रतनी बनियागांव, संगीता नहरनी का सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्टाफ नर्स अनीता, गीता, प्रियंका, कलावती, रामानंद ध्रुव, नरेन्द्र, होमेश, डीजेन्द्र, सरला, लेखन, पद्मनी एवं पार्वती उर्मिला सोनाय एवं अन्य मितानिनो का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### रियायती दरों पर मिलेगी पीएम आवास से संबंधित निर्माण सामग्रियां

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप इन वृहद आवास के निर्माण को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर गृह पोर्टल निर्मित किया गया है। पोर्टल के अंतर्गत निर्माण सामग्री हेतु डिस्काउंट पोर्टल का निर्माण कराया गया हैं। जिसके माध्यम से हितग्राहियों को सस्ते दाम पर सीमेंट एवं छड़ की व्यवस्था कराया जा सकें। उक्त संबंध हेतु जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा द्वारा समस्त व्यापारी छड़ एवं सीमेंट विक्रेता से बैठक ली गई और समस्त विक्रेताओं को शासन द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराया गया। इस संबंध में बताया गया कि शासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्माण सामग्री की किफायती दरों पर उपलब्ध हो ताकि ग्रामीण क्षेत्र में पीएम आवास के हितग्राही अपने घर और अन्य निर्माण कार्य को आसानी से पूरा कर सकें। यह कदम राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों को मजबूत करने के साथ-साथ आम जनता को राहत प्रदान करेगा। निर्माण सामग्री की कीमतों में कमी होने से न केवल हितग्राही लाभान्वित होंगे बल्कि ग्रामीण विकास एवं बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

## निधन

### केएम नायर



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासी 77 वर्षीय केएम नायर का मंगलवार की दोपहर निधन हो गया। वे शासकीय दंतेश्वरी कॉलेज में सेवानिवृत्त हुए थे। एकाएक तबियत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार बुधवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र छोड़ गए। अंत्येष्टी में परिजन, कालोनीवासी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में छात्रों की बैठक

# पूर्व छात्र समाज के प्रति संवेदनशील व राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजना अंतर्गत 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूर्व छात्र संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व छात्र विद्या भारती की विशिष्ट शिक्षा पद्धति के कारण समाज के प्रति संवेदनशील है, राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत है, भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक हैं, भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं और भारतीय ज्ञान परंपरा को लेकर स्वाभिमानी है। वास्तव में इन्हें देश के एक जागरूक और कर्तव्य निष्ठ नागरिक के अनुरूप इन्हें गढ़ा गया है। अनेको गुण और क्षमताओं से संपन्न पूर्व छात्र यदि एक साथ आते हैं और योजनाबध्द रूप से कार्य करते हैं तो समाज और देश के लिए जो कार्य हम आज कर रहे हैं उससे कई गुना ज्यादा प्रभावित कर कार्य कर सकते हैं। इस महान उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की प्रेरणा से 1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक प्रदेश व्यापी पूर्व छात्र संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। पूर्व छात्र परिषद छत्तीसगढ़ के माध्यम से पूर्व छात्र सहयोग प्रकोष्ठ नामक एक अभिनव कार्य प्रारंभ कर रहे हैं पूर्व छात्र आचार्य, पुरुष, छात्र के बच्चे रोजगार प्रशिक्षण विवाह बीमारी इत्यादि पर इस कोष की राशि का उपयोग किया जाना है इसी निमित्त आज सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में पूरे छात्रों का सुनियोजित बैठक आयोजित कर भैया बहनों को इस योजना से अवगत कराया गया। 42 भैया बहनों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। परोक्ष रूप से सभी भैया बहन विद्यालय से जुड़े हुए हैं। विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों में पूरे छात्रों का सहयोग भरपूर मिलता है। पूर्व छात्रों ने योजनाबध्द तरीके से इस कार्य को सफल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किये और इस पुनीत कार्य को करने के लिए सबने संकल्प लिया। 19 जनवरी को पुन समीक्षा बैठक लेने की बात कही गई।

गौरतलब है कि सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय 1987 से प्रारंभ हुआ है कुल पूर्व छात्र संख्या 700 है। रविश सुराना, अनिल गुप्ता, सीमा गुप्ता, रजनीश सुराना, उमेश सोनी, सचिन गुप्ता, रॉबर्ट साइमन, सुशील गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, मूलचंद जैन, रवि सुराना, सुनील गुप्ता, मयंक जैन, नितिन झा, रवि प्रसाद करण, संकल्प भगत, हरमिंदर सिंह, नवदीप कुमार जैन, शिवकुमार गुप्ता, राजेश कुमार सुराना, कामता प्रसाद नागवंशी, शिल्पा सिंह, भीम राज बुरड, गौरव सुराना, निशांत गुप्ता, पंकज बुरड़, हरीश सोनी, संतोष कुमार शर्मा, अतुल सिंह, बृजभूषण देशमुख, अभिनव तिवारी, ललित शर्मा, नीरज गुप्ता, रौनक शिवहरे, हरिओम मिश्रा, सूरज सिंह, पारुल शिवहरे, सविता टागराज, पवन भंसाली, प्रिंस शिवहरे, रुपेश सोनी, युगल सोनी, निधि शर्मा, धीरज देवांगन, कैलाश सोनी, दिनेश सोनी, पवन भंसाली, आकांक्षा जारी, बसंत सोनी, तौसीफ खान, गोपाल शिवहरे, रोहित गुप्ता, मुस्कान जैन, प्रतीक्षा बघेल, दामिनी साहू, भविष्य यादव, कृतिका जैन आदि सभी भैया बहनों ने अपने-अपने बेच का प्रभार लेकर इस कार्य को पूर्ण करने की योजना बनाई है मां भारती की पूजा रवीश सुराना, रवि सुराना, प्रमोद गुप्ता ने कर बैठक को प्रारंभ किया।

## जनपद अध्यक्ष पद के लिए दंतेवाड़ा, गीदम में अजजा महिला व कुआकोंडा कटेकल्याण में अजजा मुक्त घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में 8 जनवरी को जिले के जिला पंचायत के सदस्य पद, जनपद पंचायत अध्यक्ष पद तथा जनपद पंचायत सदस्य की निर्वाचन क्षेत्रों हेतु आरक्षण कार्यवाही सम्पन्न हुई। जिसमें जिला पंचायत सदस्य पद हेतु क्षेत्र क्रमाक 1 दंतेवाड़ा अजजा महिला, क्षेत्र क्रमाक 2 दंतेवाड़ा अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमाक 3 दंतेवाड़ा अजजा मुक्त, क्षेत्र क्रमाक 4 दंतेवाड़ा अजजा महिला, क्षेत्र क्रमाक 5 दंतेवाड़ा अजजा महिला, क्षेत्र क्रमाक 6 दंतेवाड़ा अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमाक 7 दंतेवाड़ा अजजा मुक्त, क्षेत्र क्रमाक 8 दंतेवाड़ा अजजा मुक्त, क्षेत्र क्रमाक 9 दंतेवाड़ा अजजा महिला तथा क्षेत्र क्रमाक 10 दंतेवाड़ा अनारक्षित मुक्त के लिए निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत अनुसूचित क्षेत्र तक विस्तार अधिनियम अन्तर्गत होने के फलस्वरूप सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए दंतेवाड़ा अजजा महिला, गीदम अजजा महिला, कुआकोंडा अजजा मुक्त, कटेकल्याण अजजा मुक्त पद अजजा वर्ग के लिए के निर्धारित किया गया है। बैठक के दौरान उप संचालक पंचायत मिथिलेश किसान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उक्त सभी आरक्षण कार्यवाही को उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को वाचन कर सुनाया गया।

# बचेली-बैलाडीला मुख्य मार्ग बना गड्ढों का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली




बचेली से किरन्दुल तक का मुख्य मार्ग बना गड्ढों का सडक, लोग गड्ढों में सड़क ढूंढ़ने का प्रयास करते है। मिनटों का सफर घंटों में पूरा हो रहा है। वहीं उड़ने वाली धुल हादसों को निमंत्रण दे रही है।

सड़क में गड्ढा है या गड्ढा में सड़क पता ही नहीं चलता, जहां वाहन का पहिया एक गड्ढा बचाने के चक्कर में दूसरे गड्ढे में चला जाता है। जिला मुख्यालय से बैलाडीला तक मार्ग का निर्माण एजेंसी द्वारा धीमी गति से किया जा रहा है, पता नहीं कब मार्ग बनेगा। पिछले दिनों एक 10 चक्का वाहन गड्ढा बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खदान क्षेत्र होने के कारण बचेली से बैलाडीला तक कई कर्मचारियों का प्रतिदिन आना-जाना रहता है। वही ग्रामीण क्षेत्र से मजदूरी करने आने वाले लोगों को भी इस जर्जर सड़क को प्रतिदिन झेलना पड़ता है और बचते बचाते मजदूरी करके अपने घर जाना पड़ता है।

- धुल के गुब्बार से राहगिर और वाहन चालक परेशान

प्रतिदिन हजारों टन लौह अस्यक का परिवहन इसी सड़क मार्ग से 14 चक्का, 12 चक्का ट्रकों द्वारा किया जाता है। लेकिन सड़क निर्माण की धीमी गति से राहगिरों को बहुत तकलीफों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा है।

प्रशासन इसकी कोई सुध ले रहा है, न ही निर्माण एजेंसी अपनी कार्य की गति बड़ा रही है। सड़क में बने गड्ढों से चार पहिया वाहन ही नहीं दोपहिया वाहनों से भी गुजरना मुश्किल हो रहा है।

## श्रद्धांजलि...





**गीदम।** बीजापुर जिले के कुटरु बेदरे मार्ग पर अम्बेली के करीब नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में डीआरजी के 8 जवान व ड्राइवर शहीद हो गए थे। बलिदान देने वाले वीर जवानों को मंगलवार की शाम नगर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में व्यापारी संघ गीदम की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी विमल सुराना, व्यापारी संघ गीदम अध्यक्ष सुजीत सिंह, व्यापारी संघ पूर्व अध्यक्ष रजनीश सुराना, व्यापारी संघ गीदम के सभी सदस्य, पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा, थाना प्रभारी गीदम, पुलिस परिवार एवं नगर के प्रबुद्धजनों की उपस्तिथि रही। उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीदों को नमन किया।

# दृष्टिबाधित बच्चों के लिए उपलब्ध कराया गया एनी डिवाइस




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

वर्तमान समय में दिव्यांग छात्र छात्राओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नये-नये तकनीक और उपकरणों का शिक्षा के क्षेत्र में समावेश किया जा रहा है। ताकि दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक विकास को एक नया दिशा दिया जा सके और हम सभी जानते है कि ब्रेल लिपि के माध्यम से दृष्टिबाधित व्यक्ति पढ़ने लिखने में सामर्थ्य हासिल कर सकते है और जिले में गीदम विकासखंड अन्तर्गत जावंगा में स्थित आवासीय विद्यालय सक्षम का संचालन किया जा रहा है।

यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा संस्थान हैं जहां दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां वर्तमान में विभिन्न दिव्यांग श्रेणी के 94 बालिकाओं एवं 90 बालक अध्ययनरत है इनमें 16 बालिकाएं एवं 12 बालक दृष्टिबाधित श्रेणी में है। इस संस्थान में बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने के सभी उपाय किए जा रहे हैं। यहां बच्चे अपने दैनिक कार्यो को आसानी से पूरा कर लेते हैं। ये बच्चे दूसरे बच्चों की तरह सामान्य स्कूलों में सुबह की पाली में जाते हैं। दोपहर को इनकी विशेष प्रशिक्षण की कक्षाएं होती हैं जहां इनकी जरूरतों के अनुरूप इन्हें चीजें सिखायी जाती हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन के प्रयास अनुरूप दंतेवाड़ा जिले में नेत्रहीन बच्चों के लिए शिक्षा और तकनीक का जो समावेश हो रहा है, वह एक सराहनीय पहल है। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा सक्षम स्कूल में दृष्टिबाधित बच्चों को एक विशेष उपकरण एनी डिवाइस प्रदान किया गया है। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए एक क्रांतिकारी उपकरण यह एक स्मार्ट लर्निंग टूल है, जो ब्रेल लिपि सीखने और पढ़ने में बच्चों की मदद करता है। एनी डिवाइस खासतौर पर उन बच्चों के लिए डिजाइन किया गया है जो देखने में असमर्थ हैं। यह डिवाइस टच और ऑडियो फीचर्स के माध्यम से बच्चों को ब्रेल अक्षरों को पहचानने और लिखने में सहायता करता है।

### बच्चों को होने वाले फायदे

एनी डिवाइस से बच्चे ब्रेल लिपि आसानी से सीख सकते है। इसके साथ ही यह डिवाइस बच्चों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है, जिससे वे अपनी पढ़ाई में दूसरों पर कम निर्भर रहते हैं। सीखने का यह नया तरीका बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है। जिला प्रशासन का यह प्रयास दृष्टिबाधित बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 2013 में सक्षम विद्यालय की स्थापना से लेकर अब ब्रेल लिपि के उन्नयन और एनी डिवाइस के उपयोग तक, यह प्रयास नेत्रहीन बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। इस संबंध में बच्चों को पढ़ा रहे शिक्षक अमित यादव ने बताया कि 2015 से ब्रेल लिपि बच्चों को पढ़ा रहे है लेकिन अब जिला प्रशासन के सहयोग से हमें एक नया डिवाइस मिला है पहले ब्रेल मशीन में एक साथ लिख सकते थे लेकिन अब एनी डिवाइस के माध्यम से बच्चे और अच्छे से पढ़ाई कर सकते है और अन्य प्रकार की सुविधा मिलेगी, जिससे बच्चों और अच्छे से पढ़ पाएगें। ब्रेल लिपि पहले से ही नेत्रहीन बच्चों के लिए पढ़ने-लिखने का एक अनूठा साधन है। अब इस नई तकनीक, एनी डिवाइस के माध्यम से बच्चों को न केवल पढ़ाई बल्कि गेम, गाने और अन्य डिजिटल सुविधाओं का भी अनुभव हो रहा है। यह डिवाइस वॉइस असिस्टेंस जैसी तकनीक से लैस है, जो बच्चों को आत्मनिर्भर और आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने में मदद करती है। दंतेवाड़ा प्रशासन का यह कदम समाज के उन वर्गों के लिए प्रेरणा है, जिन्हें विशेष ध्यान और सहयोग की आवश्यकता है। यह शिक्षा में समावेशिता और तकनीकी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### कैसे काम करता है एनी डिवाइस

बच्चे अपनी उंगलियों से डिवाइस पर ब्रेल अक्षरों को छूते हैं। डिवाइस तुरंत ऑडियो में अक्षर का नाम और उसकी ध्वनि सुनाता है। इसमें इंटरएक्टिव गेम्स और क्विज भी होते हैं, जो बच्चों को सीखने में मजेदार अनुभव प्रदान करते हैं।

## जिले में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाने की तिथियां जारी

**दंतेवाड़ा।** आम ग्रामीण जनों को अपनी आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनवरी से दिसम्बर तक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जा रही हैं। इसके अन्तर्गत जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा अंतर्गत आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जनवरी दंतेवाड़ा तुड़पारास 9 जनवरी गुरूवार, गीदम बड़ेकारली 23 जनवरी फरवरी कुआकोण्डा गुमियापाल 6 फरवरी गुरूवार, कटेकल्याण गाटम 20 फरवरी मार्च दंतेवाड़ा चितालूर 6 मार्च गीदम बड़ेतुमनार 20 मार्च अप्रैल कुआकोण्डा, गढ़मिरी 10 अप्रैल कटेकल्याण सूरनार 24 अप्रैल मई दंतेवाडा जारम 8 मई गीदम घोटपाल गीदम घोटपाल 29 मई जून कुआकोण्डा कुटरेम 12 जून कटेकल्याण तेलम 26 जून जुलाई दंतेवाड़ा केशापुर 17 जुलाई गीदम फरसपाल 31 जुलाई अगस्त कुआकोण्डा टिकनपाल 21 अगस्त कटेकल्याण बड़ेगुडरा 28 अगस्त सितम्बर दंतेवाड़ा टेकनार 11 सितंबर गीदम उपेट 25 सितंबर, अक्टूबर कुआकोण्डा पालनार 9 अक्टूबर कटेकल्याण 23 अक्टूबर नवम्बर दंतेवाडा गमावाड़ा 13 नवंबर गीदम समलूर 27 नवंबर दिसम्बर कुआकोण्डा श्यामगिरी 04 दिसंबर कटेकल्याण माहराकरका 18 दिसंबर को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जाएगें।

## मां दंतेश्वरी वृद्धा आश्रम हारम के वृद्धजनों का किया गया चिकित्सकीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पिरामल फाउंडेशन टीम के संयुक्त तत्वाधान में निक्षय निरामय 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत गीदम ब्लॉक के मां दंतेश्वरी वृद्धा आश्रम हारम के वयोवृद्धों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गीदम में चिकित्सकीय जांच के साथ-साथ छाती के एक्सरे भी कराये गये। गौरतलब है कि विकासखण्ड गीदम में निक्षय निरामय 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान को सफल बनाने के क्रम में 60 वर्ष से अधिक उच्च जोखिम वयोवृद्ध का एक्सरे कराया जाना है। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर खंड चिकित्सा एवं डॉ गौतम, जिला क्षय अधिकारी डॉ देश दीपक, बीपीएम जेम्स बेक, एसटीएस हेमन्त साहू, डीपीसी पिरामल फाउंडेशन, टीबी मितान राजेश बघेल मनीराम मुचाकी एवं राजकुमार उपस्थित रहे।

# संवेदनशील क्षेत्र जगरगुण्डा में धान खरीदी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज : सुकमा



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के धान उपार्जन नीति एवं कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सुदूर संवेदनशील क्षेत्र जगरगुण्डा में धान खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जगरगुण्डा के माध्यम से समिति में पंजीकृत 151 किसानों से बायोमेट्रिक अथेंटिकेशन आधार पर ऑनलाईन धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है। धान खरीदी प्रारंभ होने से जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगरगुण्डा, तारलागुड़ा, कुन्देड़, पेन्टाचिमली, मिलमपल्ली, सुरनपल्ली, कोण्डासांवली, गोन्दपल्ली, सिलगेर, गुमोड़ी के किसान लाभान्वित होंगे। 8 जनवरी से 17 जनवरी तक धान उपार्जन केन्द्र जगरगुण्डा द्वारा 9 किसानों का 774.40 क्विं. धान खरीदी का टोकन जारी कर 51.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालीसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर पहुंचे बापू की कुटिया, किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने बुधवार को बापू की कुटिया पहुंचे। इस दौरान ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ का कार्यालय भी है, का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के सदस्यों से संबंधित जानकारी ली। साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए। संगठन के कार्य की एवं कार्यालय के रख रखाव और उपयोगिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हें बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने अच्छे कार्य के लिए सभी को बधाई दी। संघ के लोगों के द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया। इस बात की जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने दी।

### सात लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत सांसद महेश कश्यप के संसदीय क्षेत्र-10 बस्तर से ऑनलाइन एमपीएलएडीएस ई-साक्षी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बस्तर द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर वर्ष 2024-25 हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए एवं ई-साक्षी पोर्टल के नवीन प्रावधान अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत उसरी में एक 220 मीटर सीसी सडक निर्माण कार्य हेतु सात लाख सात हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता माह में विभिन्न आयोजन

# यातायात अमला लाइसेंस बनाने के साथ ही कर रही स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता माह के अवसर पर वाहन चालकों को जागरूक करने

- एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर पांच यातायात रथ को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किया रवाना

तथा यातायात नियमों का पालन कराने लगातार प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत जहां वाहन चालकों को कैम्प लगाकर लाइसेंस बनाया जा रहा है वहीं चार पहिया व भारी वाहन चालकों का स्वास्थ्य परिक्षण करते हुए आखों की जांच की जा रही है।

यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि ट्रेफिक नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने बुधवार को एसपी शलभ सिन्हा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर पांच यातायात रथ को शहर के अलावा व ग्रामीण क्षेत्रों में रवाना किया गया






### ऑटो, टैक्सी व पिकअप वाहनों में पोस्टर चस्पा कर दिया जा रहा सदेंश




यातायात अमले द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी तारतम्य में यातायात जागरुकता के तहत ऑटो, टैक्सी व पिकअप वाहनों में पाम्पलेट व पोस्टर चस्पा कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात जागरुकता कार्यक्रम के तहत लायसेंस बनवाने तथा चालक परिचालक का स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों व नेत्र विशेषज्ञों के माध्यम से जांच कि जा रही है।

### दुपहिया में दो सवारी ही चलें

इस अवसर पर यातायात अमले द्वारा वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया कि दुपहिया वाहन में दो सवारी ही चलें। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए, मालवाहन वाहन में यात्रा न करें, वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करें, वाहन में प्रेशर हार्न व मल्टीटोन हार्न का उपयोग न करें, सड़क दुर्घटना में घायलों को बिना भय के मदद करें, ड्राईविंग लाइसेंस बनाने के बाद ही वाहन चलाएं, वाहन मोड़ने के दौरान इंडीकेटर का उपयोग करें, सड़क पर गलत दिशा में वाहन न चलाएं और हमेशा बाएं ओर से चलें तथा मार्ग में लगे यातायात सकेंतकों चिन्हों का पालन करें जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

ताकि वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया जा सके। कोतवाली चौक में टेंट लगाकर युवाओं को लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया जा रहा है तथा उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के अलावा डीएसपी संतोष जैन, निरीक्षक मधुसूदन नाग, आरआई अभिजीत भदौरिया, डीएसपी बालक विरूध अपराध शांता लकड़ा व यातायात अमला मौजूद थे।

## बेलर व बड़ांजी केन्द्र में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय स्वास्थ्य परिवार

- हितग्राहियों से रूबरू मुलाकात कर ली जानकारी

कल्याण की एक टीम डॉ. मुकेश सोनी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एनएफएसजी) के नेतृत्व में डॉ. किरण स्वप्निल अखाड़े, सहायक निदेशक, (एपिडेमियोलॉजी) डॉ. श्वेता साहू, चिकित्सा अधिकारी के साथ में केंद्रीय चिकित्सा अधिकारियों की टीम ने बुधवार को बस्तर जिले के सीएचसी लोहंडीगुड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र बेलर तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बड़ांजी का प्रवास किया। भ्रमण के दौरान चिकित्सकों द्वारा एनएलपी, एनसीडी, इम्यूनाइजेशन, चाइल्ड हेल्थ कार्यक्रम का तकनीकी पर्यवेक्षण किया। टीम के सदस्यों द्वारा सीएचसी के अधीन ग्राम के पारा में भ्रमण कर विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रम का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से रूबरू मुलाकात कर कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। सीएचसी में सत्येंद्र मंडल, सुपरवाइजर संजय जोशी के साथ सीएचसी के कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के मीडिया प्रभारी शकील खान ने बताया कि पीएचसी बेलर में प्रभारी विवेक मूर्ति के साथ पुष्प लता ठाकुर और भोलाराम बेलर, एसएचसी बड़ांजी में जगत राम भारद्वाज, उत्तम, कौशल्या धुर्वे और किरण ने अपने संस्था से संबंधित जानकारी केंद्रीय दल को उपलब्ध करवाई। चिकित्सा अधिकारियों के इस दल के साथ तकनीकी सहायक के रूप में केएनएम बी. राव भी शामिल रहे।

## निजी कॉलोनाइजर की मनमानी नियमों की उड़ा रहे धज्जियां



**जगदलपुर।** नगरनार स्टील प्लांट लगने के बाद शहर में एकाएक कालोनियों का विस्तार होने लगा। शहर के आऊटर में भी सर्व सुविधायुक्त मकान तैयार होने लगा। मकान निर्माण के दौरान कालोनाइजर और ठेकेदार की लापरवाही के चलते दूसरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर आने-जाने वाले सड़क पर भवन निर्माण समाग्री डंप कर आधा रास्ता घेर वाहन चालकों व राहगीरों को परेशान किया जा रहा है। वैसे तो शहर में अलग-अलग वार्ड में दर्जनों मकान निर्माण किए जा रहे है लेकिन कालोनाइजर की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। छत्रपति शिवाजी वार्ड अघनपुर स्थित रामा रेसीडेंसी में साल भर से आधा दर्जन से ज्यादा डुप्लेक्स एवं बहुमंजिला मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। कालोनाइजर की अनदेखी के चलते निर्माण एजेंसी अपने मनमानी पर उतर आए है। निर्माण भले ही रामा रेसीडेंसी में हो रहा है लेकिन खामियाजा न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क किनारे रेत डंप करने से सड़क पर पहुंच रहा है,जिसके चलते दोपहिया वाहन अनियंत्रित होने पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। निर्माणाधीन मकान में क्युइरिंग के दौरान पानी कीचड़ बनकर सड़क में जमा हो रहा है। जो दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब है। इसकी शिकायत अनेक मर्तबा महापौर सफिरा साहू, निगम आयुक्त हरेश मंडावी से लिखित एवं मौखिक में की गई लेकिन शिकायतों पर जांच नही किया गया।

# देश की वर्तमान परिस्थिति से सनातनियों को सतर्क रहने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल नगरनार प्रखंड के अंतर्गत ग्राम माड़पाल ने सिरहा,पुजारी, गुनिया,नाईक,पाईक,मांझी, पटेल सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें

- माड़पाल में विहिप-बजरंग दल के प्रयास से सिरहा, गुनिया, नाईक, पाईक, मांझी, मुखिया का सम्मेलन




मुख्यातिथि सांसद महेश कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे देश को कैसे तोड़ा जा रहा है एक ओर नक्सली समाज को तोड़ रहे हैं, दूसरी ओर ईसाई मिशनरी समाज को षड्यंत्र के तहत खत्म कर रहे हैं। कुछ आदिवासी पड़े लिखे लोग हम हिंदू नही है हमे देवी देवता को नही मानना है का दुष्प्रचार कर रहे हैं,जो कि घोर निंदनीय है। इन सभी लोगों का एक ही मकसद है समाज को संयंत्र पूर्वक खत्म करना और विदेशी धर्म को बड़ावा देना। हम सभी सनातनी हिन्दू को एक होने की जरूरत है और हम सभी अपने-अपने तरीके से अपने-अपने गांव में लोगों को अपने संस्कृति परम्परा को बचाना सबकी जिम्मेदारी है नही तो आने वाले समय में बांग्लादेश जैसे परिस्थिति बस्तर में भी होगा। इसलिए हम सभी को सतर्क और अपने को परिवार, समाज, राज्य और देश को सुरक्षित रखने में सहयोग करना है। तभी हमारा बस्तर और देश आगे बढ़ेगा। समाज के साथ साथ देश का भी विकास होगा और भारत देश को पुनः हिंदु राष्ट्र बनाना है।

इस दौरान लखीधर बघेल, शिवनारायण पांडे, महादेव बाकड़ा, मुरली दास, धनपति बाज, विकास मुरला, शिवो कश्यप, शेखर देवांगन, भानु पटेल, श्रीमती मंदना नाग, श्रीमती बूदनी बघेल, संपत कश्यप, सुरेश कश्यप, केदार साहनी, गंगाराम पुजारी, जयराम बघेल, सुभाष देवांगन, सुकमन नागेश, मनीराम कश्यप सिरहा, गुप्ते पुजारी समेत बड़ी संख्या में विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गांव से ही देश का विकास

विशिष्ट अतिथि हरिसाहू ने बताया कि सिरहा,पुजारी, गुनिया, नाईक, पाईक, मांझी, पटेल का कार्य क्या है और कब से चलते आ रहा है जब देश आजाद नही हुआ था और देश का व्यवस्था इन्ही लोगो से गांव हो या शहर ग्राम प्रमुखों ही व्यवस्था चलता है। साहू ने बताया गांव की संस्कृति रिती निति परम्परा सब सुरक्षित था लेकिन जब से देश आजाद हुआ, और पंचायत राज आया देश में चुनाव का प्रथा आया, उसके कुछ साल बाद देश का विकास जरूर हुआ, लेकिन समाज का नुकसान हुआ। हम सब अपनी सस्कृति को भूल गए हैं और हम सब लोग सरकार के ऊपर निर्भर हो गए हैं। अब हम सबको अपना जिम्मेदारी को पहले की तरह काम करना है ताकि हमारा समाज सुरक्षित रहे।

### हिन्दू विरोधी कार्य का होगा विरोध

प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का हिंदू विरोधी कार्य होगा उसका विहिप बजरंग दल पुर जोर विरोध करेगा। जयराम नाग ने कार्यक्रम की समापन करते हुए सभी मंच और सिरहा, पुजारी, गुनिया, नाईक पाईक, मांझी, मुखिया और माता बहनों का आभार व्यक्त किया।

# शैलेष बने बस्तर विभाग संयोजक, गौरव को बस्तर जिला संयोजक का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजनांदगांव में अखिल भारतीय विद्यार्थी संघ परिषद अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा

- अभाविप 57वां प्रदेश अधिवेशन राजनांदगांव में बस्तर विभाग के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं
- रोहित गुमास्ता बीजापुर जिला संयोजक, आयुस लौधा दंतेवाड़ा की जिम्मेदारी



अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने अनेकों मुख्यमंत्री विधायक, सांसद यहां तक की देश के राष्ट्रपति वैंकया नायडू जैसे व्यक्तित्व के धनी राजनेताओं को विद्यार्थी परिषद ने अपने मेहनत से सींचा है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आज देशभर में अनेक क्षेत्रों में अपना सेवा दे रहे हैं। पूरे बस्तर विभाग से लगभग 80 प्रतिनिधियों ने अभाविप 57वें प्रदेश अधिवेशन में सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ के लघु दर्शन शोभायात्रा के माध्यम से पूरे राजनांदगांव शहर में दिखाया गया। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा द्वारा साल भर के कार्यों का मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य शैलेष ध्रुव ने बताया कि अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद के इतिहास विकास, सैद्धांतिक, कार्यपद्धति व सक्षम इकाई जैसे विषयों पर चर्चा की गई। परिषद के आयाम,गतिविधि कार्यों, जनजाति कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र का अधिकार है कि वह अपने व्यक्तित्व का विकास कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने के लिए सरकार के सभी शैक्षणिक संसाधनों का उपभोग करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद में नेताओं को नहीं महापुरुषों को आदर्श माना जाता है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता परिसरों में विभिन्न मुद्दों पर लोकतांत्रिक पद्धति से आंदोलन कर अपनी समस्याओं को उचित मंच अथवा स्थान तक पहुंचाते हैं। इस प्रकार के विषयों का व्याख्यान किया गया।

57वें प्रदेश अधिवेशन में इसके अतिरिक्त विकास कोड़े को प्रांत जनजाति कार्य सह प्रमुख,सुश्री कमला मौर्य को बस्तर विभाग छात्रा प्रमुख, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, अश्विन पिल्ले, गजेंद्र बिसाई, करण बघेल, भूमिका मौर्य, प्रशांत लाठिया, विराज नक्का, निशा बघेल, प्रशांत गुरला, ललिता यादव, देवेंद्र पोडियम को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

## छात्रों को प्रदर्शनी में विभिन्न दुर्लभ पुस्तकों की मिली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. अनामिका झा के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को गति देने तथा छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु सभी वरिष्ठ प्राध्यापक व शिक्षको ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। छात्राओं तथा ग्रंथालय स्टाफ द्वारा कुल 6 स्टाल लगाए गए थे जिसमें प्रतियोगी पुस्तक, धार्मिक ग्रंथ, सामान्य संदर्भ ग्रंथ, अंग्रेजी एवं हिंदी साहित्य, महापुरुषों की जीवन एवं विचार तथा पत्र पत्रिका के स्टाल लगाए गए थे।

छात्रों ने बताया कि इस प्रदर्शनी द्वारा उन्हें विभिन्न दुर्लभ पुस्तकों के बारे में जानकारी मिली तथा उन्हें पढ़कर ज्ञान प्राप्ति का अवसर प्राप्त हुआ। प्राचार्य ने इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने पर छात्राओं तथा ग्रंथालय स्टाफ की सराहना की तथा प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को किताब पढ़ने के लिए अभिरुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ प्राध्यापक, छात्राओं तथा ग्रंथालय स्टाफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## पुल की जमीन अतिक्रमण के पीएम आवास पर चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के खड़कघाट में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुल में अतिक्रमणों को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु

- खड़कघाट में एक सप्ताह पर हटेंगे अतिक्रमण, सर्विस रोड को होगा निर्माण



निर्माण, राजस्व एवं पुलिस बल मंगलवार को सुबह से जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया। इसी दौरान अतिक्रमण में दो पीएम आवास में एक पर जेसीबी चलाकर ध्वस्त किया गया और दूसरे हितग्राही ने स्वयं तोड़ रहे हैं। अतिक्रमण हटने से उच्चस्तरी पुल निर्माण कार्य में जोर-शोर से चलेगा। हालांकि पुल के दोनों ओर 1100 मीटर लंबा सर्विस रोड का भी निर्माण कार्य किया जाना था, जिसमें से एक ओर की सर्विस रोड बन चुकी और अब दूसरी ओर भी सर्विस रोड का निर्माण कार्य शीघ्र ही किया जाएगा। इसके अलावा वन विभाग ने इस पुल में चिन्हित 41 पेड़ों की कटाई के लिए सेतु निर्माण को डिमांडनोट दिया, जिसका भुगतान सेतु निर्माण ने भुगतान कर दिया, जिससे अब वन विभाग चिन्हित पेड़ों की कटाई करेगा

### चिन्हित पेड़ों की होगी कटाई

सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पुल निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जाएगा। अब वन विभाग से चर्चा कर चिन्हित पेड़ों की कटाई की जाएगी।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

# सेवा निवृत्ति के एक वर्ष बाद भी ऊषा यादव को नहीं मिल रही है पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने जारी

- पेंशनर्स महासंघ कर रहा प्रदर्शन की तैयारी
- मामला विकास खंड शिक्षा अधिकारी बस्तर का



बयान में कहा कि श्रीमती ऊषा यादव शिक्षा विभाग के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला फरसापारा विकास खंड बस्तर में भृत्य पद पर कार्य करते हुए फरवरी 2024 को सेवा निवृत्त हुई। खंड शिक्षा अधिकारी बस्तर की उदासीनता के कारण अब तक इनका पेंशन प्रकरण तैयार कर पीपीओ जारी करने हेतु संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन को नही भेजा गया जिसके कारण सेवा निवृत्ति के एक वर्ष बाद भी पेंशन नहीं मिल रहा है। संगठन के द्वारा कई बार दूर भाष से संपर्क कर इसका कारण जानने का प्रयास किया गया । कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। पेंशनर्स महासंघ जिला प्रशासन से यह मांग करता है कि किस ब्लॉक में कितने पेंशन प्रकरण लंबित हैं इसकी जांच सक्षम अधिकारी से करवाकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जावे ताकि पीड़ित पेंशनरों को राहत मिल सके। अन्यथा पेंशनर्स महा संघ संबंधित कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। मांग करने वालों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव प्रसाद मिश्रा , आरएस पांडे, एसपी ठाकुर, पीएस ठाकुर, हेमंत सिंह ठाकुर, दिनेश कुमार सतमन, एलएस नाग, अमृत राव कुड़किल, सरोज साहू, करमजीत कौर, ललिता यादव, जयमनी ठाकुर, मीता मुखर्जी एवं शुभ्रा कुंडू शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
12 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 23 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025

नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा),पोखरा ,लुम्बिनी (भगवान बुद्ध की जन्मस्थली),मनोकामना देवी
Ex :- नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411